[This question paper contains 6 printed pages.]

**8110** *Your Roll No.* .............

**B.El.Ed.** **AS**

Paper F – 2.3

# COGNITION AND LEARNING

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 70*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

टिप्पणी :– इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

*Answer* **Five** *questions in all. Question No.* **1** *is compulsory. Answer* **four** *more questions, choosing* **two** *each from Section* **A** *and Section* **B.**

कुल पाँच प्रश्न कीजिए। प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है। खण्ड 'क' और खण्ड 'ख' से दो–दो प्रश्न चुनते हुए शेष चार प्रश्न कीजिए।

1. Vygotsky like Piaget was of the view that children actively organise their knowledge through interactions with the world. However, for Vygotsky this world is primarily social. Do you agree ?

Justify your view with suitable examples. What are the specific implications of Vygotsky's theory for an elementary school teacher? (10+10)

पियाजे की भाँति व्यागॉत्स्की का भी यह मत था कि बच्चे जगत के साथ अपनी अंतःक्रियाओं से अपने ज्ञान की सक्रिय व्यवस्था करते हैं। किंतु व्यागॉत्स्की के लिए यह जगत मुख्यतः सामाजिक है। क्या आप इससे सहमत हैं ? उपयुक्त उदाहरणों से अपने मत का औचित्य सिद्ध कीजिए। प्रारंभिक विद्यालय शिक्षक के लिए व्यागॉत्स्की के सिद्धांत के विशिष्ट निहितार्थ क्या हैं ?

## SECTION A (खण्ड 'क')

2. Motivating students to learn is one of the major challenges a teacher faces in the classroom. Drawing upon Weiner's theory of attribution specify your views with regard to students'

   (a) likely attribution pattern,

   (b) specific abilities,

   (c) types of goals set,

   (d) levels of self-efficacy.

   What suggestions would you give an elementary school teacher to enable children in her class to be motivated? (10+5)

   सीखने के लिए शिक्षार्थियों को अभिप्रेरित करना एक सेबसे बड़ी चुनौती है जिसका सामना शिक्षिका कक्षा में करती है। वीनर के गुणारोपण सिद्धांत के संदर्भ में छात्रों के

(क) संभावित गुणारोपण पैटर्न

(ख) विशिष्ट योग्यताओं

(ग) ध्येय समुच्चय के प्रकारों

(घ) स्व गुणकारिता के स्तरों

के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

आप प्रारंभिक कक्षा शिक्षिका को उसकी कक्षा में बच्चों को अभिप्रेरित करने के लिए क्या सुझाव देंगे ?

3. A Principal comes into a classroom and observes the class involved in group work. Some children are reading group discussions around a chapter they are studying. She notices the teacher working with a small group of students; providing assistance where needed. After about 10 minutes the teacher goes to another group and announces "I will not tell you but will give you a hint..." When students are unable to respond to a question, she encourages them to think and explore a response given by a group member. Students are seen discussing, thinking and clarifying. Some sit in pairs and explain to each other.

What do you understand of the above situation ? What is the teacher's understanding of the theoretical concepts of :

(a) Zone of proximal development

(b) Scaffolding

(c) Peer learning (5+10)

प्रधानाचार्या एक कक्षा में आकर कक्षा को समूह-कार्य में रत देखती है। कुछ छात्र पढ़े जा रहे एक पाठ से संबंधित समूह चर्चाओं की अगुआई कर रहे हैं। वह पाती है कि शिक्षिका एक छोटे समूह के साथ कार्य कर रही है और आवश्यकतानुसार सहायता प्रदान कर रही है। लगभग 10 मिनट के बाद वह दूसरे समूह के पास जाती है और कहती है "मैं आपको बताऊँगी नहीं किंतु आपको संकेत दे रही हूँ..."। जब बच्चे कोई उत्तर देने में असमर्थ होते हैं तो वह उन्हें उस पर सोचने और समूह के सदस्य द्वारा की गई अनुक्रिया की पड़ताल करने के लिए उत्साहित करती है। शिक्षार्थी चर्चा करते, सोचते और स्पष्टीकरण करते दिखाई दे रहे हैं। कुछ जोड़ों में बैठे हैं और एक दूसरे को समझा रहे हैं। शिक्षिका की

(क) समीपस्थ विकास के क्षेत्र

(ख) स्कैफ़ोल्डिंग

(ग) समसमूह अधिगम

की सैद्धांतिक संकल्पनाओं की समझ क्या है ?

4. Is attempting to respond to a set of questions about given pictures, five year olds declare their understanding prematurely. Eight year olds, on the other hand, take longer to give their responses and in a more measured manner.

Describe the development of metacognitive knowledge and cognitive self-regulation with reference to the two age-groups. Explain why cognitive self-regulation is important for successful completion of complex tasks. (8+7)

दिए गए चित्रों के बारे में पूछे गए प्रश्न–समुच्चय पर अनुक्रिया करते हुए पाँच वर्षीय बच्चे अपनी अविचारित कच्ची समझ दर्शाते हैं। दूसरी ओर आठ वर्षीय बच्चे अपनी अनुक्रियाएँ देने में समय लगाते हैं और अधिक नपे तुले ढंग से अनुक्रिया करते हैं। दोनों आयु वर्गों के संदर्भ में अधिसंज्ञानात्मक ज्ञान और संज्ञानात्मक आत्म–विनियमन के विकास का वर्णन कीजिए। स्पष्ट कीजिए कि जटिल कृत्यों की सफल पूर्णता के लिए संज्ञानात्मक आत्म विनियमन क्यों महत्त्वपूर्ण है ?

## SECTION B (खण्ड 'ख')

5. Discuss Bruner's discovery-oriented learning with reference to the construct of a 'spiral curriculum'. How does this approach enable concept formation ? (5+5)

'सर्पिल पाठ्यचर्या, की निर्मिति के संदर्भ में ब्रूनर के खोज उन्मुखी अधिगम का विवेचन कीजिए।

यह उपागम संकल्पना निर्माण में किस प्रकार सहायक है ?

6. How would you create meaningful learning experiences in your classroom given the varied cultural and social backgrounds of students ? (10)

कक्षा में विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक पृष्ठभूमि वाले शिक्षार्थियों के लिए सार्थक अधिगम अनुभवों का निर्माण आप किस प्रकार करेंगे ?

7. There are many students who feel that they are not able to perform in a subject because they have had problems with it in the past. It is this belief that holds them back from studying that subject.

How does belief of a student in his/her ability, influence motivation to learn ? How can a teacher help in restoring the sense of self-worth among such students ?

What changes would be required in the teacher's view about such students and why ? (2+4+4)

ऐसे अनेक शिक्षार्थी हैं जो ऐसा अनुभव करते हैं कि वे किसी विषय में निष्पादन नहीं कर पाते क्योंकि पहले भी उस विषय में उन्हें समस्याएँ आईं थीं। क्या यही विचार उस विषय के अध्ययन से उन्हें रोकती है ?
शिक्षार्थी की अपनी योग्यता में विश्वास किस प्रकार अधिगम के प्रति अभिप्रेरण को प्रभावित करता है ? ऐसे शिक्षार्थियों में स्व-योग्यता की भावना के पुनर्स्थापन में शिक्षिका उनकी सहायता कैसे कर सकती है ?

ऐसे शिक्षार्थियों के बारे में शिक्षिकाओं की राय में क्या परिवर्तन अपेक्षित हैं और क्यों ?